# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.07.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।







आज दिनांक- 22.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 22.07.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**











महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 22.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 22.07.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।






# महोबा पुलिस



## थाना कुलपाहड़ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में दिनांक- 21.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह उ0नि0 योगेश रावत, कां0 हवन यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मनोज पुत्र जगदीश प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए यात्री सैड बागौल तिराहा वहद कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 198/2025 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

मनोज पुत्र जगदीश प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 दिनेश सिंह
2. उ0नि0 योगेश रावत
3. कां0 हवन कुमार

**बरामदगी–**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद होना।



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांकः- 22.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह मय हमराह कां0 राघवेन्द्र सिंह व कां0 श्रीकान्त के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त पप्पू कुशवाहा पुत्र गुलजारी कुशवाहा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी बदुवा H/O कुर्रहा थाना गढी मलेहरा जनपद छतरपुर म0प्र0 जिसके कब्जे से 01 झोले में 17 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज बरामद करते हुए हनुमान मन्दिर के पास छतरपुर रोड से वहद कस्बा श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 144/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

पप्पू कुशवाहा पुत्र गुलजारी कुशवाहा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी बदुवा H/O कुर्रहा थाना गढी मलेहरा जनपद छतरपुर म0प्र0

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. कां0 राघवेन्द्र सिंह
3. कां0 श्रीकान्त थाना श्रीनगर

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 झोले में 17 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज बरामद होना।



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को मानक अनुरूप पूर्ण कराने के दिए निर्देश-

आज दिनांक 22.07.2025, दिन मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन महोबा में चल रहे 250 रिक्रूट आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण (आरटीसी) की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व मानक अनुसार किए जाने हेतु सम्बन्धित प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आरटीसी कार्यालय के नियमित संचालन हेतु कार्यालय में आवश्यक पुलिस स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति कराये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसी क्रम में पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में अर्दली रूम किया गया तथा गार्द रजिस्टरों की जांच कर सम्बन्धित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक/आरआई श्री शिवकुमार, आरटीसी प्रभारी उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्री तेज सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 22.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 22.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना कोतवाली महोबा निरीक्षक श्री यशवंत सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 मिथिलेश मिश्रा व म0उ0नि0 शिवांगी प्रजापति, कां0 आशीष सिंह के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग के दौरान मु0अ0स0 276/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त नवल यादव पुत्र मान सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी बिलवई चुंगी थाना कोतवाली नगर महोबा को रोडवेज बस स्टैण्ड महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 मिथिलेश मिश्रा प्रभारी अस्थाई मेडिकल चौकी कोतवाली महोबा
2. म0उ0नि0 शिवांगी प्रजापति थाना कोतवाली नगर महोबा
3. का0 आशीष सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा गिरफ्तार अभियुक्त-

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नवल यादव पुत्र मान सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी बिलवई चुंगी थाना कोतवाली नगर महोबा, जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.07.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या में वांछित अभियुक्त (आरोपी पति) को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 22.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना कोतवाली महोबा निरीक्षक श्री यशवंत सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह कां0 विनोद कुमार यादव व कां0 आमिर खान के नेतृत्व में टीम ने पत्नी की गैरइरातन हत्या मामले में थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु.अ.सं. 311/25 धारा 105 BNS से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त सोनू अहिरवार पुत्र गोकुल उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी मुहल्ला रायकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को मुहल्ला रायकोट से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, जिसे आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

सोनू अहिरवार पुत्र गोकुल उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी मुहल्ला रायकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 गौरव चौबे चौकी इन्चार्ज सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 विनोद कुमार यादव थाना कोतवाली नगर महोबा
3. कां0 आमिर खान थाना कोतवाली नगर महोबा



## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 22.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 सुरेश कुमार सचान व उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में टीम ने मु0अ0सं0 302 /2008 धारा 457/380/411/120बी भादवि के प्रकरण में मा0 न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0/जे0एम0 मौदहा हमीरपुर न्यायालय में चल रहे वाद से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सन्तू पुत्र घसिटिया यादव उम्र करीब 37 वर्ष निवासी कुलकुआ थाना खन्ना जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के ग्राम कुलकुआ से गिरफ्तार किया गया है । बाद गिरफ्तारी वारंटी अभियुक्त सन्तू उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सन्तू पुत्र घसिटिया यादव उम्र करीब 37 वर्ष निवासी कुलकुआ थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 सुरेश कुमार सचान
2. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव

